विषय कोड: 002

कृपया जांच लें कि इस प्रश्न पत्र में 17 प्रश्न हैं और 13 मुद्रित पृष्ठ हैं।

# D.A.V. INSTITUTION, CHHATTISGARH
# SAMPLE QUESTION PAPER

**CLASS- X**

**SUBJECT: HINDI ( Cours-A)**

TIME: 3 Hours M.M.: 80

---

सामान्य निर्देश:

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'क' और ख। खंड- क में वस्तुपरक / बहुविकल्पीय और खंड-ख में वस्तुनिष्ठ वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
2. प्रश्न पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. यथा संभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खंड 'क' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खण्ड क (बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न )**

**प्रश्न 1.** नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों का सही विकल्प चुनकर लिखिए –

**1x5=5**

जीवन तीन तरह का होता है। पहला परोपकारी जीवन दूसरा सामान्य जीवन और तीसरा अपकारी जीवन। इसे उत्तम मध्यम और अधम जीवन भी कहा जा सकता है। उत्तम जीवन उनका होता है जिन्हें दूसरों का उपकार करने में सुख का अनुभव होता है। इसे यज्ञीय जीवन भी कहा जाता है। यही दैवत्वपूर्ण जीवन है। इस जीवन का आधार यज्ञ होता है। शास्त्र में यज्ञ उसे कहा गया है जिससे प्राणीमात्र का हित होता है। यानी जिन कर्मों से समाज में सुख ऐश्वर्य और प्रगति में बढ़ोतरी होती है। चार वेदों में कहा गया है कि सत्कर्मों पर ही धरती टिकी हुई है। अतः यदि पृथ्वी को बचाना है तो श्रेष्ठ कर्मों की तरफ़ समाज को लगातार प्रेरित करने के लिए कार्य करना चाहिए। सामान्य जीवन वह होता है जो परंपरा के मुताबिक चलता है उसमें कोई बहुत ऊँची समाजोत्थान की भावना नहीं होती है । अपकारी जीवन को राक्षसी जीवन कहा जाता है। इस तरह के जीवन से ही समाज में सभी तरह की समस्याएँ पैदा होती हैं। यदि इस धरती को समस्याओं और हिंसा से मुक्त कराना है तो देवत्वपूर्ण

जीवन की तरफ विश्व और समाज को चलना पड़ेगा। सत्कर्म तभी किए जा सकते हैं जब हम सोच.विचार कर कर्म करेंगे। जितना हम प्राणी हित के लिए संकल्पित होंगे उतना हमारा बौद्धिक और आत्मिक उत्थान होगा। हमारे अंदर मनुष्यता के भाव लगातार बढ़ते जाएँगे। प्रेम ,दया, करुणा अहिंसा, सत्य और सद्भावना की प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जाएगी। ये सारे सद्गुण ही जीवन यज्ञ को सफल बनाने के लिए ज़रूरी माने जाते हैं।

(i) यज्ञीय जीवन किसे कहा गया है ?

(क) जिसमें ज्यादा समय यज्ञ करने में बीते

(ख) जिसमें ज्यादा समय उपकार करने में बीते

(ग) जिसमें ज्यादा समय कर्म करने में बीते

(घ) जिसमें ज्यादा समय समाज की प्रगति में बीते

(ii) प्राणीमात्र का हित तभी होगा जब-

(क) प्रत्येक अपने कार्य पर विशेष ध्यान दें।

(ख) सभी ज्यादा से ज्यादा धार्मिक कार्य करें।

(ग) प्रत्येक व्यक्तिगत विकास करें।

(घ) सभी परंपरा के मुताबिक चलें।

(iii) सामान्य व्यक्ति कैसा जीवन जीते हैं?

(क) ज्यादा समय धन कमाने में लगे रहते हैं।

(ख) ज्यादा समय दूसरों से ईर्ष्या करते हैं।

(ग) उनमें समाजोत्थान की भावना नहीं होती।

(घ) ज्यादा समय स्वार्थ सिद्धि में लगे रहते हैं।

(iv) धरती को सभी समस्याओं से मुक्त कराने के लिए हमें-

(क) धरती को परिवार मानना होगा।

(ख) हिंसा खत्म करनी होगी।

(ग) आतंकवाद खत्म करना होगा।

(घ) दैवत्वपूर्ण जीवन जीना पड़ेगा ।

[V] कथन (A )और कारण (R ) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए |

कथन (A ) दूसरों की भलाई के बारे में सोचना तथा उसके लिए कार्य करना महान गुण है ।

कारण (R ) परोपकारी व्यक्ति सदा प्रसन्न ,निर्मल और हँसमुख रहता है वह पूजा के योग्य हो जाता है ।

(क ) कथन (A ) सही है किंतु कारण (R ) कथन [A ] की सही व्याख्या करता है ।

(ख ) कथन ( A ) और कारण (R ) दोनों गलत है ।

(ग ) कथन (A) गलत है किंतु (R ) सही है ।

(घ ) कथन (A )सही है किंतु कारण (R )कथन (A ) की सही व्याख्या नहीं है ।

**प्रश्न 2** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए

**1x5=5**

''सच हम नहीं, सच तुम नहीं। सच है महज संघर्ष ही संघर्ष से हटकर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम। जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झर कर कुसुम। जो लक्ष्य भूल रुका नहीं, जो हार देख झुका नहीं, जिसने प्रणय पाथेय माना जीत उसकी ही रही। सच हम नहीं, सच तुम नहीं, ऐसा करो जिससे न प्राणों में कही जड़ता रहे। जो है जहाँ चुपचाप अपने आप से लड़ता रहे। जो भी परिस्थितियाँ मिलें, काँटे चुभे, कलियाँ खिलें । हारे नहीं इंसान, संदेश जीवन का यही।

(i) काव्यांश के आधार पर सच का अर्थ है-

(क) सत्य के मार्ग पर चलना

(ख) लक्ष्य को केंद्र बनाए रखना

(ग) जीवन में निरंतर संघर्ष करना

(घ) हार न मानना

(ii) 'जो है जहाँ चुपचाप अपने-आप से लड़ता रहे'-पंक्ति में अपने-आप से लड़ने का तात्पर्य

(क) स्वयं से लड़ना

(ख) सबसे छुपकर लड़ना

(ग) अपनों से निरंतर संघर्ष कर आगे बढ़ना

(घ) विपरीत स्थितियों को अनुकुल बनाने के लिए निरंतर संघर्षरत रहना

(iii) 'काँटे' और 'कलियाँ' प्रतीक हैं-

(क) मित्र और शत्रु के

(ख) विपरीत स्थितियों के

(ग) प्रकृति के

(घ) जीवन में मिलने वाले दुःख-सुख के

(iv) 'जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झर कर कुसुम' में अलंकार है

(क) अतिशयोक्ति

(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) उपमा अलंकार

(घ) रूपक अलंकार

(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए ।

कथन (A) मनुष्य के धैर्य और बुद्धिधमानी की परख विषम परिस्थिति में ही होती है।

कारण (R) जो मनुष्य विषम परिस्थिति में धैर्य रखकर हार का सामना करता है वह अवश्य सफल होता है।

(क) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन [A] की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

**प्रश्न 3** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- **1x4=4**

(i) मेरे पिता जी वे हैं जो पलंग पर लेटे हैं। रचना के आधार पर वाक्य भेद होगा -

(क) सरल वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य

(घ) साधारण उप वाक्य

(ii) वर्षा हो रही थी इसलिए <u>वह विद्यालय नहीं गया</u>। उपवाक्य का भेद लिखिए

(1) संज्ञा उपवाक्य

(2) क्रियाविशेषण उपवाक्य

(3) प्रधान उपवाक्य

(4) प्रधान वाक्य

(iii) निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य का कौन-सा उदाहरण है .

(क) सुबह से रो-रोकर उसका बुरा हाल है।

(ख) सभी लोगों ने वह सुंदर दृश्य देखा।

(ग) वह आया पर बिना कुछ कहे अपने कमरे में चला गया।

(घ) निहाल का उद्देश्य है कि वह कक्षा में प्रथम आए।

(iv) निम्नलिखित वाक्य में आश्रित उपवाक्य बताइए।

ऐसा कोई नहीं जो कुश्ती में खली को जीत सके ।

(1) ऐसा कोई नहीं है
(2) जो कुश्ती में खली को जीत सके।
(3) खली को जीत सके।
(4) कोई नही जो कुश्ती जीत सके।

(v) अवकाश पर रहने के लिए एक प्रार्थना पत्र लिखो। इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा।

(क) अवकाश हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए

(ख) ऐसा पत्र लिखो जिसमे अवकाश के लिए प्रार्थना हो ।

(ग) अवकाश के लिए पत्र लिखो जिसमें प्रार्थना हो।

(घ) एक ऐसा पत्र लिखो जिसमें अवकाश की प्रार्थना हो।

**प्रश्न 4.** निर्देशानुसार "वाच्य' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- **1x4=4**

1. मुझसे पत्र नहीं लिखा गया। प्रस्तुत वाक्य का कर्तृवाच्य होगा।

(1) मैंने पत्र नहीं लिखा।
(2) मैं पत्र नहीं लिखा।
(3) मैं पत्र नहीं लिखता
(4) मुझसे पत्र नहीं लिखा जाता है

2. किस वाक्य में कर्मवाच्य है ।

(क) सभी दर्शकों द्‌वारा नाटक की प्रशंसा की गई ।

(ख) सभी दर्शकों ने नाटक की प्रशंसा की

(ग) प्रणव ने कविता लिखी ।

(घ) गांधी जी ने उपदेश दिया ।

3. निम्नलिखित वाक्यों में भाव वाच्य पहचान कर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनकर लिखिए ।

( अ) माँ से रोया नहीं जाता ।

( ब) एडिसन ने बल्ब बनाया ।

(स) आज घूमने चला जाए ।

( द ) एडिशन द्वारा बल्ब बनाया गया ।

कूट

(1) कथन अ सही है ।
(2) कथन अ और स सही है ।
(3) कथन ब व .द सही है ।
(4) कथन अ ,ब व स सही है ।

4. यह दर्पण मुझसे गिर गया । (प्रस्तुत वाक्य का कर्तृ वाच्य होगा । )

(क) मैंने दर्पण गिरा दिया ।

(ख) दर्पण मेरे द्वारा गिर गया ।

(ग) यह दर्पण मेरे द्वारा गिर गया ।

(घ) यह दर्पण मैंने गिरा दिया ।

5. गरीब बस्तियों में कंबल बांटे गए । वाक्य का वाच्य लिखिए ।

(क) भाववाच

(ख) कर्मवाच्य

(ग) कर्तृ वाच्य

(घ) अकर्तृवाच्च

**प्रश्न 5** निर्देशानुसार पद परिचय पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।  **1x4=4**

1. हम अपने <u>कर्तव्य</u> पर मर मिटेंगे । (रेखांकित पद का परिचय लिखिए )

(क ) संज्ञा ,व्यक्तिवाचक ,एक वचन ,पुल्लिंग अधिकरण कारक

(ख ) संज्ञा ,जातिवाचक ,एकवचन ,पुल्लिंग , अधिकरण कारक

(ग )संज्ञा ,भाववाचक ,एकवचन ,पुल्लिंग अधिकरण कारक

(घ ) संज्ञा ,भाववाचक , एकवचन , पुल्लिंग ,कर्म कारक

2. कितने <u>सुगंधित</u> पुष्प हैं । (रेखांकित पद का परिचय लिखिए )

( क) विशेषण , गुणवाचक ,एकवचन, पुल्लिंग

(ख) विशेषण , गुणवाचक , बहुवचन, पुल्लिंग

(ग) विशेषण , गुणवाचक, बहुवचन, स्त्रीलिंग

(घ) विशेषण, गुणवाचक ,एकवचन , स्त्रीलिंग

3. <u>वर्षा</u> में फूल खिल उठते हैं । ( रेखांकित पद है । )

(क) संज्ञा

(ख) विशेषण

(ग) सर्वनाम

(घ) क्रिया

4 हम सुरेश के घर गए <u>परंतु</u> वे वहाँ नहीं मिले रेखांकित पद का परिचय लिखिए ।

(क ) अव्यय , जातिवाचक ,संज्ञा

(ख ) समुच्चयबोधक अव्यय ,संयोजक

(ग ) समुच्चयबोधक अव्यय , विभाजक

(5) संबंध बोधक अव्यय, हर्ष बोधक

5 आजकल तो हिमालय <u>पूर्णतया</u> बर्फ से ढका होगा । (रेखांकित पद का परिचय लिखिए । )

(क) विशेषण ,एकवचन ,पुल्लिंग

(ख) क्रिया विशेषण , गुणवाचक

(ग) क्रिया विशेषण ,स्थानवाचक

(घ) क्रिया विशेषण ,रीतिवाचक

**प्रश्न 6** निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **1x4**

1 रावन सिर सरोज बनचारी चरि रघुवीर सिलीमुख धारी ।

क उत्प्रेक्षा ख अतिशयोक्ति ग श्लेष घ मानवीकरण

2 बाँधा था विधु को किसने इन काली जंजीरों से

मणिवाले फणियों का मुख क्यों भरा हुआ है हीरो से । (पंक्ति में अलंकार निहित है । )

क मानवीकरण ख श्लेष

ग अतिशयोकित घ उत्प्रेक्षा

3 उत्प्रेक्षा अलंकार का उदाहरण है ।

क पद्मावती सब सखी बुलाई । जनु फुलवारी सबै चली आई ।

ख विरह है अथवा यह वरदान ।

ग मंगल को देखि पट देत बार-बार ।

घ काली घटा का घमंड घटा ।

4 उषा सुनहले तीर बरसती जय लक्ष्मी सी उदित हुई । (पंक्ति में अलंकार निहित है । )

क मानवीकरण ख उत्प्रेक्षा ग श्लेष घ अतिशयोक्ति

5 मनु दृग फारि अनेक जमुन निरखत ब्रज सोभा । (पंक्ति में कौन सा अलंकार है । )

क श्लेष ख ) मानवीकरण

ग )अतिशयोक्ति घ) उत्प्रेक्षा

**प्रश्न 7** निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए -- **1x5=5**

काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है। यह आयोजन पिछले कई बरसों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ पाँच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन-वादन की उत्कृष्ट सभा होती है। इसमें बिस्मिल्ला खाँ अवश्य रहते हैं। अपने मज़हब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार है। वे जब भी काशी से बाहर रहते हैं तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते हैं, थोड़ी देर ही सही, मगर उसी ओर शहनाई का प्याला घुमा दिया जाता है और भीतर की आस्था रीड के माध्यम से बजती है।

(i) काशी का संगीत- आयोजन किस अवसर पर होता है

(क) रामलीला के अवसर पर

(ख) हनुमान जयंती के अवसर पर

(ग) विश्वनाथ की पूजा के अवसर पर

(घ) संकट मोचन के अवसर पर

(ii) संगीत सभा में किस प्रकार का आयोजन होता है ?

(क) सुगम संगीत का

(ख) लोक संगीत का

(ग) शास्त्रीय संगीत का

(घ) शास्त्रीय तथा उपशास्त्रीय संगीत का

(iii) बिस्मिल्ला खाँ काशी विश्वनाथ के प्रति

(क) आस्थावान नहीं है

(ख) आस्थावान हैं

(ग) विरोधी हैं. (घ) सहनशील हैं।

(iv) काशी, से बाहर, संगीत आयोजन में बिस्मिल्ला खाँ काशी की ओर मुँह करते हैं ?

(क) काशी के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए

(ख) हिन्दुओं की खुशी के लिए

(ग) विश्वनाथ के प्रति श्रद्धा पकट करने के लिए

(घ) सांप्रदायिक एकता प्रकट करने के लिए

(v) बिस्मिल्ला खान कैसे मनुष्य थे ?

(क) कट्टर मुसलमान (ख) कट्टर हिंदू (ग) सांप्रदायिक (घ) आस्थावान मनुष्य

**प्रश्न 8.** निम्न लिखित गद्य पाठों के आधार पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। **1x2=2**

(i) हारदार साहब के चेहरे पर कौतुक-भरी मुस्कान क्यों फैल गई ?

(क) नेताजी की मूर्ति पर संगमरमर का चश्मा न देखकर।

(ख) चश्मा न देखकर

(ग) सचमुच का काला चश्मा देखकर

(घ) तीनों ही उत्तर सही हैं

(ii) बालगोबिन भगत के गीतों की क्या विशेषता थी?

(क) खंजड़ी के ताल पर गाते थे।

(ख) रात्रि के समय गीत गाते थे।

( ग) ईश्वर के प्रति आस्था तथा प्रेम पर आधारित गीत गाते थे।

(घ) उपर्युक्त सभी

**प्रश्न 9**. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए **1x5=5**

तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला प्रेरणा साथ छोड़ती हुई, उत्साह अस्त होता हुआ आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ तभी मुख्य गायक को ढांढ़स बँधाता कहीं से चला आता है। संगतकार का स्वर कभी-कभी वह यों ही दे देता है उसका साथ यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है और यह कि फिर से गाया जा सकता है गाया जा चुका राग और उसकी आवाज में जो एक हिचक साफ़ सुनाई देती है या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है उसे विफलता नहीं उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए।

(i) किस कारण से गायक की प्रेरणा साथ छोड़ने लगती है?

[क] संगतकार के साथ गाने के कारण

[ख] तारसप्तक में गाने के कारण

(ग) मंदसप्तक में गाने के कारण

(घ) मध्य सप्तक में गाने के कारण

(ii) संगतकार मुख्य गायक का साथ क्यों देता है?

(क) मुख्य गायक के गायन को प्रभावशाली बनाने के लिए

(ख) पैसे कमाने के लिए

(ग) मुख्य गायक का वह शिष्य होने के कारण

(घ) मुख्य गायक से वह अच्छा गायक बनने के लिए

(iii) संगतकार अपने स्वर को ऊँचा क्यों नहीं उठने देता?

(क) यह उसकी कार्य क्षेत्र की सीमा रेखा व मर्यादा है।

(ख) क्योंकि उसकी आवाज़ में मिठास नहीं है।

(ग) मुख्य गायक से डरने के कारण

(घ) मुख्य गायक उसे रोकता है।

(iv) तारसप्तक किसे कहते हैं।

(क) मध्य सप्तक में गाना (ख) सप्तक में गाना

(ग) मधुर और कांपती आवाज (घ) सरगम.का ऊँचा स्वर

(v) मुख्य गायक को कब लगता है उसकी प्रेरणा उसका साथ छोड़ रही है।

(क) जब वह उच्च स्वर में गाने लगता है।

(ख) जब संगतकार उसका साथ देता है।

(ग) जब संगतकार उसकी आवाज में अपनी आवाज मिलता है।

(घ) जब संगतकार उसे प्रोत्साहित करता है

**प्रश्न 10** पद्य के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

**1x2=2**

(i) हाथों के स्पर्श की महिमा के द्वारा कवि क्या कहना चाहता है ?

( क) पानी धूप वायु के अतिरिक्त फसल मिट्टी के गुणों पर आधारित होती है।

( ख) मिट्टी में अनेक खनिज तत्व होते हैं।

( ग) किसान के कठोर परिश्रम की ओर संकेत करता है।

( घ) कवि के अनुसार फसल हमारे देश की नदियों के पावन जल का जादू है।

(ii)' घेर घेर घोर गगन  धाराधार ओ' इस पंक्ति में उत्पन्न ध्वन्यात्मक प्रभाव को क्या कहते हैं?

( क)  अलंकार  ( ख)  नाद -सौंदर्य  ( ग)भाव -सौंदर्य  ( घ)  बादल

**खण्ड ख (वर्णनात्मक प्रश्न )**

**प्रश्न 11** निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 20-25 शब्दों में लिखिए **2x3=6**

( क)  बालगोबिन भगत के संगीत को लेखक ने जादू कहा है पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

( ख ) लेखक को नवाब साहब के किन हाव भावों से महसूस हुआ कि  वह उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं  है ?

(ग) लेखिका का आत्मकथ्य  एक कहानी यह भी हमें क्या संदेश देता है?

( घ) आग  की खोज एक बहुत बड़ी खोज क्यों मानी जाती है ?  खोज के पीछे  रही प्रेरणा के मुख्य स्रोत क्या रहे होंगे?

**प्रश्न 12**  निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25- 30 शब्दों में लिखिए  । **2x3=6**

(क) गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही ?

( ख) कवि ने बच्चे की मुस्कान के सौंदर्य को किन-किन बिंबो के माध्यम से व्यक्त किया है ?

(ग) अट ' नहीं रही है' कविता के आधार पर ' उड़ने को नभ में तुम पर- पर कर देते ' का आशय स्पष्ट कीजिए।

( घ) परशुराम के क्रोध करने पर राम और लक्ष्मण की जो प्रतिक्रियाएं हुई उनके आधार पर दोनों के स्वभाव की विशेषताएं अपने शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न 13** निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए **4x2=8**

( क) हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरुपयोग है आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरुपयोग कहां और किस तरह से हो रहा है ? हिरोशिमा जैसी घटना का आपके विचार में क्या समाधान  है ?

( ख) कितना कम लेकर यह समाज को कितना अधिक लौटा देती है इस कथन के आधार पर स्पष्ट करें कि आम जनता की देश की आर्थिक प्रगति में क्या भूमिका है  ।

(4) 'माता का अंचल'पाठ में बच्चे का माता और पिता दोनों से जुड़ाव प्रकट हुआ है फिर भी इस पाठ का शीर्षक माता का अंचल है आपकी दृष्टि में इसके क्या कारण हैं?

**प्रश्न 14** दिए गए बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए **6x1=6**

( क) प्रकृति की रक्षा : मानव की सुरक्षा

- मनुष्य प्रकृति का अंग
- प्रकृति से खिलवाड़ -बढ़ता प्रदूषण
- प्रकृति का बिगड़ता संतुलन
- प्रकृति की रक्षा मानव जाति का कर्त्तव्य

( ख) जब चिड़िया चुग गई खेत

- समय के महत्व को जानने वाला समझदार
- मेहनत तभी सफल होगी जब समय पर की जाए
- समय और सफलता का संबंध

( ग) इंटरनेट:

- इंटरनेट का अर्थ
- संचार जगत में क्रांति
- ज्ञान का भंडार
- दोष
- निष्कर्ष

**प्रश्न 15** सूचना और संचार माध्यमों की बढ़ती लोकप्रियता के कारण पत्र लेखन पीछे छूट गया है पत्र लेखन के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए । **5x1=5**

अथवा

वर्षा के कारण उत्पन्न हुई जल भराव की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए नगर निगम के अधिकारी को पत्र लिखिए ।

**प्रश्न16** आप रीमा / हरि हैं नवभारत टाइम्स समाचार पत्र से पता चला है कि एम्स रायपुर में डॉक्टर का पद रिक्त है उक्त रिक्त पद हेतु अपनी शैक्षणिक योग्यता और अनुभव का उल्लेख करते हुए 80 शब्दों में स्ववृत्त तैयार कीजिए । **5x1=5**

अथवा

डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चिकित्सालय में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को (abcd@gmail.com) 80 शब्दों में ईमेल लिखिए।

**प्रश्न17** किसी राज्य के पर्यटन विभाग की ओर से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 50-60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । **4x1=4**

अथवा

चंद्रयान-3 की सफलता के लिए प्रधानमंत्री की ओर से भारत के वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामना संदेश लिखिए ।

*****************